वाणिज्य में स्नातक
(बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -137: निगमित लेखांकन

सत्रीय कार्य
2021–22

चतुर्थ सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -137: निगमित लेखांकन

सत्रीय कार्य 2021—22

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2021 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2021 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2021 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे नया सत्रीय कार्य डाउनलोड करें और उसको 15 अक्टूबर 2021 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

प्रोग्राम का कोड	:	बी. कॉम
पाठ्यक्रम का कोड	:	बी. सी. ओ. सी. -137
पाठ्यक्रम का सत्र	:	चतुर्थ
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	निगमित लेखांकन
सत्रीय कार्य का कोड	:	बी. सी. ओ. सी. -137 / टी. एम. ए./ 2021 - 22
खण्डों की संख्या	:	सभी खण्ड

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड - क

1. पवन लिमिटेड 5,00,000 रु. की अधिकृत पूँजी से समामेलित की गई जो कि 10 रु. प्रति अंश में विभाजित है। कम्पनी ने वाई से 2,00,000 रु. का एक भवन खरीदा जिसके बदले में वाई को कम्पनी के पूर्णदत्त अंश दे दिए गए। कम्पनी ने शेष 30,000 अंशों के लिए प्रार्थना–पत्र आमन्त्रित किए जो निम्न प्रकार देय थे– 3 रु. प्रति अंश आवेदन परए 3 रु. प्रति अंश आंबटन पर, 2 रु. प्रति अंश प्रथम याचना पर और शेष 2 रु. अन्तिम याचना पर। **(10)**

अशोक, जिसको 500 अंश आंबटित किए गए थे, वह दोनों याचनाओं की राशि देने में असमर्थ रहा। उसके अशों का हरण कर लिया गया और बाद में हरि को 9 रु. प्रति अंश पर, पूर्णदत्त में पुनः निर्गमन कर दिया। **जर्नल में आवश्यक प्रविष्टियाँ बनाइए तथा कम्पनी की प्रारम्भिक बैलेंस शीट भी बनाइए।**

2. X लिमिटेड ने 100 करोड़ चूकता अंश पूंजी के 10% शेयरों के क्रय वापसी का निर्णय लिया। प्रति इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य 10 रु. है लेकिन बाज़ार मूल्य 15 रु. प्रति शेयर है। एक्स लिमिटेड ने शेयरों की क्रय वापसी के लिए निम्नलिखित कदम उठाएः **(10)**

i) 10 करोड़ रु. के अंकित मूल्य के 14% ऋणपत्र प्रत्येक 100 रु. का है सममूल्य पर जारी किए।

ii) सामान्य संचय का उपयोग किया गया।

iii) 7 करोड़ रु के विनियोगों को 8 करोड़ में बेचा गया।

iv) बाज़ार मूल्य पर शेयरों की क्रय वापसी की जाएगी।

v) शेयरों की क्रय वापसी को तुरन्त रद्द किया जायेगा।

जर्नल प्रविष्टियाँ बनाइए।

3. एक्स लिमिटेड, वाई लिमिटेड के व्यवसाय को क्रय करना चाहती है। वाई लिमिटेड के पिछले चार वर्षों के लाभ क्रमशः 35,000 रु.; 60,000 रु. 50,000 रु. और 55,000 रु. थे। **(10)**

आपको सचित किया गया है कि 4,000 रु. वार्षिक किराया और 2,000 रु. मासिक प्रबन्धक का वेतन जो वाई लिमिटेड के लाभों से काटा गया है एक्स लिमिटेड को नहीं चुकाना पड़ेगा।

वाई लिमिटेड की औसत विनियोजित पूँजी 6,00,000 रु. थी और इस प्रकार के व्यवसाय में प्रत्याय की दर 10% थी। **पूँजीकरण विधि द्वारा ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए।**

4. ग्रेट इंडिया लि. की पूँजी में 1,000 6% भागग्राही पूर्वाधिकार अंश 100 रु. प्रति अंश व 4000 समता अंश 100 रु. प्रति अंश पूर्णरूप से चुकता हैं। समता अंशों पर 10% लाभांश देने के बाद पूर्वाधिकार अंशों का लाभ में भाग 4% है। शेष लाभ समता अंशधारियों के लिये है। **(10)**

कम्पनी का सामान्य लाभ, टैक्स घटाने के बाद, 75,000 रु. है। इस प्रकार की कम्पनी में भागग्राही पूर्वाधिकार अंशों के लिए लाभांश की सामान्य दर 8% तथा समता अंशों पर 10% है।

लाभांश आय विधि के अनुसार प्रत्येक अंश के मूल्य की गणना कीजिए।

5. अंशतः स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी की दशा में आप एकीकृत बैलेंश शीट किस प्रकार तैयार करेंगे ? उपयुक्त उदाहरण सहित समझाइए। **(10)**

खण्ड - ख

6. काल्पनिक राशियाँ लेकर समझाइए कि निम्न मदें एक कम्पनी की बैलेंश शीट में किस प्रकार प्रदर्शित होंगी ? **(2.5,2.5)**

i) अंश पूँजी
ii) स्थायी सम्पत्तियाँ

7. रोकड़ प्रवाह विवरण बनाते समय विभिन्न क्रिया–कलापों का किस प्रकार वर्गीकरण किया जाता है ? **(5)**

8. आंतरिक पुनर्निर्माण की विधियों को संक्षेप में समझाइए। **(5)**

9. विलय की प्रकृति के एकीकरण तथा क्रय की प्रकृति के एकीकरण में अंतर समझाइए। **(2.5,2.5)**

10. एकीकरण की स्थिति में हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की पुस्तक में एवं हस्तातंरण पाने वाली कम्पनी की पुस्तक में की जाने वाली प्रविष्टियाँ बताइए। **(2.5,2.5)**

11. एक बैंकिंग कम्पनी के लाभ–हानि खाते का प्रारूप बिना अनुसूचियों के बनाइए। **(5)**

खण्ड – ग

12. बैंक पुस्तपालन (Book-keeping) की पर्ची पद्धति को स्पष्ट कीजिए। इसके गुण एवं दोषों को समझाइए। **(3,7)**

13. निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट लिखिए : **(5,5)**

क) अप्रत्यावर्तनीय सम्पत्तियाँ

ख) व्यापारिक (Commercial) बैंक